भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2438

बुधवार, 15 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

वेधशालाओं को आवंटित निधियां

2438. श्री डी. एम. कथीर आनन्दः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कवलुर, वेल्लोर में वेणु बाप्पू वेधशाला और कोडाइकनाल सौर वेधशाला के लिए पर्याप्त धनराशि स्वीकृत की है और यदि हां, तो पिछले नौ वर्षों में दो वेधशालाओं को वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या भारतीय तारा भौतिकी संस्थान और इसरो ने दोनों वेधशालाओं से अंतरिक्ष अनुसंधान अध्ययन शुरू करने और इसकी सुविधा प्रदान करने के लिए कोई प्रयास किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन दो वेधशालाओं को देश भर के स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए शैक्षिक पर्यटन स्थल बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री

(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

***

(क) जी हां। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग सौर वेधशाला स्थित सुविधाओं के रख-रखाव और उनसे संबंधित अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों के आयोजन हेतु भारतीय तारा-भौतिकी संस्थान (आई.आई.ए.) को कोर अनुदान सहायता प्रदान करता है। कवलुर स्थित वेणु बाप्पू वेधशाला (वी.बी.ओ.) और कोडाइकनाल सौर वेधशाला (के.एस.ओ.), कोडाइकनाल जैसे फील्ड स्टेशनों के लिए अलग से निधियां संस्वीकृत/ आवंटित नहीं की जाती हैं।

पिछले नौ वर्षों के दौरान उपर्युक्त दोनों फील्ड स्टेशनों पर किए गए कुल व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(रुपये लाख में)

वर्ष	कोडाइकनाल सौर वेधशाला	वेणु बाप्पू वेधशाला
2014-15	146.37	146.83
2015-16	169.64	154.82
2016-17	141.06	180.87
2017-18	163.64	186.26
2018-19	215.07	289.77
2019-20	318.83	217.70
2020-21	253.08	184.79
2021-22	295.46	246.97
2022-23	382.85	385.38

(ख) जी, हां। आई.आई.ए. इसरो के सहयोग से इन दोनो वेधशालाओं में बड़ी संख्या में अनुसंधान संबंधी अध्ययन करता है। इसी प्रकार, इसरो के वैज्ञानिकों ने अपने वैज्ञानिक अन्वेषणों के लिए वी.बी.ओ., कवलुर की सुविधाओं के भी उपयोग किए हैं।

(ग) वेणु बाप्पू वेधशाला (वी.बी.ओ.) और कोडाइकनाल सौर वेधशाला लोगों के भ्रमण हेतु खोल दिए गए हैं। इन वेधशालाओं में आयोजित खगोल विज्ञान संबंधी अनुसंधान के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु स्कूल और कॉलेज के छात्र नियमित रूप से इन वेधशालाओं का भ्रमण करते हैं।

कोडाइकनाल में छात्र संग्रहालय तथा पुस्तकालय में आई.आई.ए. अभिलेखागार का भ्रमण करते है और उन्हें अनुसंधान दूरबीनों के शैक्षिक भ्रमण एवं रात में आकाश दृश्यन के लिए ले जाया जाता है। आई.आई.ए. विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए प्रति वर्ष कोडाइकनाल में मूलभूत खगोल विज्ञान पर शील एवं ग्रीष्मकालीन स्कूली भ्रमण का आयोजन करता है।

***